# न्यायालय जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – पीयुष समारिया (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 027/2023 (रे.अ.)<br>(GCMS 2023/222) | 18.08.2023 | 20.09.2023 |

**अनवान**

कमलकुमार पिता गौरीलाल जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी कानपुरा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़।

**अपीलार्थी**

**बनाम**

राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार चित्तौड़गढ़ तहसील व जिला चित्तौड़गढ़।

**प्रत्यर्थी**

उपस्थिति :– रमेश चन्द्र पालीवाल — अपीलार्थी
भैरुलाल सालवी (राजकीय अधिवक्ता) — प्रत्यर्थी

**अपील अन्तर्गत धारा75 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 विरूद्ध निर्णय व आदेश न्यायालय तहसीलदार चित्तौड़गढ़ बमिसल नंबर 818/2022–23 निर्णय व आदेश दिनांक 05.12.2022**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि अपीलार्थी ने अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विरूद्ध प्रत्यर्थी के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व आदेश दिनांक 05.12.2022 न्याय नियम एवं वाक्याती तथ्यों के विपरित होकर निरस्त किये जाने योग्य है। अधीनस्थ न्यायालय ने पटवारी हल्का उदपुरा ने अपीलार्थी के विरूद्ध रिपोर्ट इस आशय की प्रस्तुत की कि अपीलार्थी/विपक्षी ने मौजा ग्राम बरसिंग का गुढा की चरनोट आराजी संख्या 665/228 रकबा 1.00 हैक्टेयर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नाजायज कब्जा कर मक्की की फसल बो रखी है अतः नियमानुसार कार्यवाही कर अतिक्रमित कर बेदखल किया जावें। जिसपर अपीलार्थी अधीनस्थ न्यायालय में उपस्थित होकर निवेदन किया कि अपीलार्थी ने मौजा ग्राम बरसिंग का गुढ़ा तहसील चित्तौड़गढ़ की आराजी संख्या 665/228 रकबा 1.00 हैक्टेयर पर किसी प्रकार से अतिक्रमण नहीं किया है तत्पश्चात् भी अधीनस्थ न्यायालय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की भूमि पर अतिक्रमण मानते हुये अतिक्रमी घोषित किया व अतिक्रमण के जुर्म में पेनाल्टी 50 गुणा शास्ति आरोपित करते हुये बेदखली के आदेश पारित कर दिये जो अपने आप में अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। अपीलार्थी अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित नोटिस की पालना में

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

